कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना(म0प्र0)

क्र0/ जिविसेप्रा/ 703 / 2026 दिनांक 28/04/26

विज्ञापन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक के 01 पद हेतु ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है, जिसके लिए शर्ते निम्नानुसार है–

1. पद का नाम – संविदा ड्राईवर(वाहन चालक)
2. आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि– 01.05.2026
3. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 10.05.2026
4. शैक्षणिक आर्हता– न्यूनतम 10 वी पास

अन्य आर्हताएं

1. भारत का नागरिक हो
2. दिनांक 01.01.2026 को आयु 18 वर्ष पूर्ण कर चुका हो।
3. वैध ड्राईविंग लाईसेंस धारक हो।
4. समस्त प्रकार के वाहन चलाने का अनुभव हो।
5. मैकेनिकल योग्यता रखने वाले अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

मानदेय–

पन्ना शहर ''सी'' श्रेणी (दो लाख से कम जनसख्या वाले शहर) हेतु रूपये 12000/– प्रतिमाह।

चयन प्रकिया–

साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा के आधार पर चयन किया जावेगा।

अन्य शर्ते –

1. नियुक्ति मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 के निमय 6(2) के अन्तर्गत निर्धारित योग्यता एवं शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. नियुक्ति संविदा आधार पर प्रारंभिक रूप से अनुबंध प्रारंभ से 02 वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
3. संविदा चालक की सेवाएं संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगीं।
4. संविदा चालक के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना द्वारा किया जावेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरंतरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जायेगा।
5. संविदा चालक की नियुक्ति की संपूर्ण कार्यवाही प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के निर्देशानुसार किया जावेगी।
6. संविदा चालक को एक कलेण्डर वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।
7. साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा हेतु प्रथक से सूचित किया जावेगा।

<u>नोट</u>– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना में संपर्क कर सकते है।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

संविदा वाहन चालक हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना

आवेदन पत्र क्रमांक ....(कार्यालय उपयोग हेतु)

आवेदित पद – संविदा वाहन चालक

1. आवेदक का नाम – ....
2. पिता/पति का नाम – ....
3. उम्र (01.01.2026 की स्थति में)– ....
4. जन्मतिथि – ....
5. लिंग – ....(महिला/पुरूष)
6. पत्र व्यवहार का पता – ....
....
7. स्थाई पता – ....
....
8. मोबाईल नम्बर – ....
(व्हाट्सअप नंबर सहित)
9. ई–मेल आई.डी. – ....
10. ड्राईविंग लाईसेंस नं./वैधता – ....
वाहन केटेगरी–एल.एम.व्ही./एल.टी.व्ही./एच.टी.व्ही./एच.पी.व्ही/कामर्शियल आदि
(छायाप्रति संलग्न करें)
11. आधार कार्ड नम्बर – ....

12. शैक्षणिक योग्यताएं

क्र.	योग्यता का विवरण	बोर्ड/विश्वविद्यालय	पूर्णाक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1					
2					
3					
4					
5					

(स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

दिनांक ....
स्थान ....

हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं..पिता/पति श्री..
उम्र............निवासी..
एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है, मैने उसमें कुछ भी छिपाया नहीं है। मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है साथ ही मुझे प्राप्त होने वाले समस्त लाभों को भी वापस किया जावेगा।

स्थान ....

दिनांक ....

हस्ताक्षर

नाम ....

पता ....

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधीकरण